खबर संक्षेप



### जुआ खेलते 5 जुआरी पकड़ाये, 8,250 रुपए जब्त

**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अभिनय विश्वकर्मा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम इमलिया स्थित हनुमान जी की तलैया के पास कुछ लोग रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी सुदेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और पांच आरोपियों को जुआ खेलते पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के पास से फड़ से 8,250 रुपए नगद तथा 52 ताश के पत्ते जब्त किए। सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।कार्रवाई में थाना प्रभारी सुदेश कुमार सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका रही।

### मथुरा-वृंदावन तीर्थयात्रा के लिये आवेदन 11 जुलाई तक

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना' के अन्तर्गत मथुरा-वृंदावन की तीर्थयात्रा हेतु कटनी जिले के वरिष्ठ नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक तीर्थयात्री निर्धारित प्रारूप में 11 जुलाई तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। यह यात्रा 25 जुलाई से 28 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। यात्रा हेतु विशेष ट्रेन बालाघाट-नैनपुर (मंडला) से प्रारंभ होकर जबलपुर और कटनी स्टेशनों पर रुकते हुए मथुरा-वृंदावन जाएगी और इसी मार्ग से वापस लौटेगी। इस यात्रा के लिए कटनी जिले को कुल 196 सीटें आवंटित की गई हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत मथुरा-वृंदावन तीर्थयात्रा हेतु आमजन से आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं संपूर्ण व्यवस्था करने हेतु शहरी क्षेत्र से नगर निगम स्तर पर उपायुक्त, नगर पालिका व नगर परिषद स्तर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी और ग्रामीण एवं ब्लॉक स्तर पर संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। महिलाओं के लिए आयु सीमा में 2 वर्ष की छूट का प्रावधान है। 65 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक जो सहायक ले जाना चाहते हैं, वे सहायक सहित आवेदन करें।

### कैंपस ड्राइव में बेंगलुरु के लिए 28 अभ्यर्थी चयनित

**कटनी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) कटनी में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में प्रतिष्ठित कंपनी 'होंडा मोटरसाइकिल प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु द्वारा 28 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि कैंपस ड्राइव के दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार और आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण की गई। चयन प्रक्रिया के अंत में कुल 28 अभ्यर्थियों को कंपनी के लिए उपयुक्त पाया गया और उन्हें रोजगार के लिए चयनित किया गया। चुने गए युवाओं को 22 हजार रुपये प्रति माह का वेतन दिया जाएगा और चयनित सभी अभ्यर्थी अब कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित होंडा मोटरसाइकिल के प्लांट में अपनी सेवाएं देंगे। आईटीआई प्रबंधन ने चयनित अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### फैक्ट्री से 25 हजार की सामग्री चोरो ने की पार

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमकुही स्थित ज्योति मेटल इंडस्ट्रीज में बीती रात चोरों ने सेंधमारी की। फैक्ट्री संचालक धीरज कुमार पुरूषवानी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोरों ने कारखाने में घुसकर 20 मीटर इस्तेमाल किया हुआ कॉपर वायर और सुरक्षा के लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण डीवीआर पार कर दिया। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 25,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया है। चोरो की पतासाजी के लिये पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाली रहे है।

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में दिये दिशा निर्देश

# एक्शन में आयुक्तः 8 वार्ड दरोगाओं को नोटिस, एमएसडब्ल्यू को सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने निगम कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित कर स्वच्छता सर्वेक्षण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं ,स्वच्छता गतिविधियों एवं नगर की सफाई व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं टूल किट चेक लिस्ट के आधार पर शहर में संचालित स्वच्छता गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं।

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने वार्डवार सफाई व्यवस्था की नोडल अधिकारियों एवं वार्ड दरोगाओं से जानकारी लेकर सिटी प्रोफाइल, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता,वॉल पेंटिंग, सौंदर्यीकरण कार्य, सिविल कार्य, नाला सफाई, ग्रीन वेस्ट प्रबंधन, सी एंड डी वेस्ट प्रबंधन, स्टॉर्म वाटर लाइन एवं चेंबर सफाई, घाटों की स्वच्छता, गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन, उद्यानों की साफ-सफाई तथा सार्वजनिक शौचालयों (सीटी-पीटी) की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में स्वच्छता व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

#### इन दरोगाओं को नोटिस

समीक्षा बैठक के दौरान नगर के नाले नालियों की सफाई व्यवस्था एवं चूहों के कारण नाली में मिट्टी भराव की समस्या के निराकरण की दिशा में ठोस पहल नहीं कराने पर स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित कार्य में लापरवाही बरतने वाले वार्ड क्रमांक 1, 5, 16, 27, 29, 34, 37, 44 के वार्ड दरोगाओं को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं एम एस डब्लू प्रबंधन को कचरा संग्रहण वाहनों का समय निर्धारित करने तथा सुलभ इंटरनेशनल प्रतिनिधि को समस्त व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप रखने की हिदायत देते हुए अन्यथा की स्थिति में कटौती एवं अनुबंध निरस्त की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने स्वच्छता अभियान में नागरिक सहभागिता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए जन जागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए आमजन की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

#### नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश

बैठक में निगमायुक्त ने सभी नोडल अधिकारियों एवं गठित दलों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने वार्डों में नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें तथा कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रखें।

#### समन्वित प्रयासों से मिलेगी सफलता

निगमायुक्त ने टीम भावना के साथ स्वच्छता से जुड़े सभी मानकों का कड़ाई से पालन करने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से ही नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाया जा सकता है।



## पुलिस की तत्परता से बाल विवाह रूका, दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बाल संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत थाना उमरियापान पुलिस ने सराहनीय कार्रवाई करते हुए ग्राम भटगवां में होने जा रहे एक नाबालिग बालिका के बाल विवाह को समय रहते रुकवा दिया। जानकारी के अनुसार 13 मई 2026 को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम भटगवां में 15 वर्षीय बालिका का विवाह कराया जा रहा है। इस संबंध में न्यायालय जे.एम.एफ.सी. ढीमरखेड़ा द्वारा जांच के निर्देश भी प्राप्त हुए थे।

सूचना मिलते ही उमरियापान पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और कार्रवाई प्रारंभ की।पुलिस टीम ने बालिका के माता-पिता एवं परिजनों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराते हुए समझाइश दी कि नाबालिग बालिका का विवाह कराना कानूनन अपराध है तथा इससे उसके स्वास्थ्य, शिक्षा एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। पुलिस की समझाइश का सकारात्मक परिणाम सामने आया और परिजनों ने विवाह कार्यक्रम तत्काल रोक दिया।परिजनों ने आश्वासन दिया कि बालिका के बालिग होने के बाद ही विधिसम्मत तरीके से विवाह किया जाएगा। पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक महेन्द्र जायसवाल, उप निरीक्षक भरत सिंह मार्को, प्रधान आरक्षक आशीष झारिया, आरक्षक अजय तिवारी सहित थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शासकीय राशि को बैंक खाते में नहीं किया गया जमा

## तालाब नीलामी राशि में गड़बड़ी के आरोप दोष सिद्ध होने के बाद भी कार्यवाही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा




जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत झिन्ना पिपरिया में तालाब नीलामी राशि में भारी वित्तीय अनियमितता और शासकीय राशि जमा न करने का मामला सामने आया है। जांच प्रतिवेदन में सरपंच संदीप यादव एवं पंचायत सचिव कमलेश हल्दकार को दोषी मानते हुए गबन जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसके बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा हैं। वहीं ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र कोरी पर जांच प्रतिवेदन बदलवाने के लिए कर्मचारियों पर दबाव बनाने के आरोप भी लग रहे हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत क्षेत्र के तीन तालाबों की नीलामी से कुल 1 लाख 66 हजार 800 रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। इसमें गजहा तालाब से 77 हजार 300 रुपये, सूखा तालाब से 9 हजार रुपये तथा मदन के घर के सामने स्थित तालाब से 80 हजार 500 रुपये की आय होना दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि नियमानुसार यह पूरी राशि ग्राम पंचायत के एकल बैंक खाते में जमा होना थी, लेकिन सरपंच एवं सचिव द्वारा केवल 60 हजार 500 रुपये ही बैंक खाते में जमा किए गए। शेष 1 लाख 6 हजार 300 रुपये खाते में जमा नहीं किए गए, जिसे जांच अधिकारियों ने गंभीर वित्तीय अनियमितता माना है। जांच के दौरान सरपंच संदीप यादव एवं पंचायत सचिव कमलेश हल्दकार के कथनों और अभिलेखों का परीक्षण किया गया, लेकिन दस्तावेजों में राशि जमा करने को लेकर भारी अंतर पाया गया। जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि पंचायत की शासकीय राशि बैंक खाते में जमा न करना गबन की श्रेणी में आता है।

जांच अधिकारियों ने दोनों को पूर्ण रूप से दोषी मानते हुए नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित की है। मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब ग्रामीणों और सूत्रों द्वारा यह आरोप लगाए जाने लगे कि दोष सिद्ध होने के बावजूद संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र कोरी जांच प्रतिवेदन बदलवाने के लिए कर्मचारियों पर दबाव बना रहे हैं, जिससे पूरे मामले की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत निधि गांव के विकास कार्यों के लिए होती है, लेकिन यदि इसी प्रकार राशि में अनियमितता और भ्रष्टाचार होता रहा तो विकास कार्य प्रभावित होंगे तथा शासन की योजनाओं पर भी सवाल खड़े होंगे।

#### भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का सुनाया प्रसंग



नगर के पन्ना मोड़ समीप चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दौरान भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कथा स्थल पर भक्ति भाव से सराबोर वातावरण में श्रद्धालु झूम उठे। मुख्य कथा वाचक हंसराज आचार्य महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी में श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि अत्याचारी कंस के अत्याचारों से धरती व्याकुल हो उठी थी, तब भगवान ने श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेकर अधर्म का अंत किया। उन्होंने कहा कि भगवान की लीला को वही समझ सकता है जो श्रद्धा और भक्ति से जुड़ा हो। कथा व्यास ने बताया कि देवकी की सात संतानों के बाद भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही कारागार के सभी बंधन स्वतः टूट गए और भगवान गोकुल पहुंचकर धर्म एवं प्रेम का संदेश दिया। जैसे ही कथा में श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग आया, पूरा पंडाल "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति भाव में झूमने लगे। कार्यक्रम के मुख्य श्रोता लालजी पाण्डेय एवं श्रीमती राधा पाण्डेय रहे। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## बस में सफर कर विधायक ने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



देश में पेट्रोल-डीजल की बढ़ती खपत और ऊर्जा संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री द्वारा किए गए संयम के आह्वान का असर अब जनप्रतिनिधियों में भी दिखाई देने लगा है। बड़वारा विधायक ने सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और ईंधन बचत का संदेश देने के लिए बस में सफर कर एक नई पहल की। विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह आम यात्रियों के साथ बस में बैठकर बड़वारा से कटनी पहुंचे। सफर के दौरान यात्रियों ने विधायक से खुलकर चर्चा की और उनकी सादगी की सराहना की। आमतौर पर नेताओं के लंबे काफिले और लग्जरी वाहनों की तस्वीरें सामने आती हैं, लेकिन विधायक का यह कदम लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया।विधायक ने कहा कि देशहित में हर नागरिक को पेट्रोल-डीजल का अनावश्यक उपयोग कम करना चाहिए और जहां संभव हो सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना चाहिए। इससे न केवल ईंधन की बचत होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

#### लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने खोला गया प्याऊ



**बड़वारा।** भीषण गर्मी को देखते हुए आम जनों एवम् जनपद कार्यालय शासकीय कार्य करबाने आने वाले लोगों के पीने के लिए शीतल पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु प्याऊ खुलवाया गया है। जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सुधा जायसवाल ने कहा कि जनपद कार्यालय आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही हो इसका हर सम्भव प्रयास किया जाता है। हमारा उद्देश्य है स्थानीय एवम दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से जनपद कार्यालय बड़वारा आने वाले हर एक व्यक्ति को सुविधाएं सहजता से उपलबद्ध हों।जनपद उपाध्यक्ष रामसेवक दुबे का कहना है भीषण तपिश के दौर में जनपद द्वारा आमजन के पीने के लिए शीतल पेयजल सरलता से मिले इसके लिए प्याऊ खुलवाया गया है।

ई विकास प्रणाली से अब घर बैठे खाद लेना हुआ आसान

## डेढ़ महीने में जिले में 83 मीट्रिक टन खाद ई-विकास प्रणाली से वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

किसानों के लिए उर्वरक प्राप्त करने की प्रक्रिया अब अत्यंत आसान हो गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 1 अप्रैल से ई-विकास प्रणाली लागू होने से अब किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में लगने की जरूरत नहीं है। वे मोबाइल या कियोस्क सेंटर के माध्यम से घर बैठे ही अपना ई-टोकन बुक कर सकते हैं।

किसान ई-विकास प्रणाली https://evikas.mpkrishi.mp.gov.in/ पर जाकर अपने आधार नंबर और मोबाइल ओटीपी के जरिए पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण करते ही 'AgriStack' के माध्यम से किसान की भूमि की जानकारी स्वतः पोर्टल पर दिखने लगेगी। इसके बाद किसानों को अपने खसरे के अनुसार बोई गई फसल की जानकारी दर्ज करनी होगी। दर्ज रकबे और फसल के आधार पर पोर्टल वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुसार आवश्यक खाद की मात्रा खुद ही निर्धारित कर देगा।

#### 3 दिन में खाद उठाना जरूरी

किसान अपनी सुविधा के अनुसार नजदीकी खाद विक्रय केंद्र (जिला विपणन केंद्र, मार्केटिंग सोसाइटी, सहकारी समितियां, एमपी एग्रो या निजी विक्रेता) का चुनाव कर डिजिटल ई-टोकन जनरेट कर सकते हैं। ई-टोकन जनरेट होने के बाद 3 दिनों के भीतर (अवकाश छोड़कर) खाद उठाना अनिवार्य है, अन्यथा टोकन निरस्त हो जाएगा। एक किसान एक माह में अधिकतम 50 बोरी उर्वरक ले सकता है। अगला टोकन 30 दिनों के अंतराल के बाद ही बुक किया जा सकेगा।

1 अप्रैल से अब तक जिले में ई-विकास पोर्टल के माध्यम से कुल 1,353 टोकन बनाए गए। इनमें से 561 किसानों ने टोकन का उपयोग कर खाद प्राप्त की। ई-टोकन के माध्यम से कुल 83 मीट्रिक टन उर्वरक वितरित किया गया, जिसमें सबसे अधिक हिस्सा निजी विक्रेताओं को 38 मी. टन और मार्कफेड का 32 मी. टन रहा।

नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्यवाही

कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को जिले में खाद का वितरण ई-विकास प्रणाली से ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने नियम विरूद्ध या ई-विकास प्रणाली से खाद का वितरण नहीं करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

#### बिचौलियों और कालाबाजारी पर नियंत्रण

उपसंचालक कृषि के अनुसार, इस प्रणाली से खाद की कालाबाजारी और बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। रीयल-टाइम डेटा की मदद से प्रशासन उर्वरक की मांग और आपूर्ति पर सटीक नियंत्रण रख सकेगा। जिन किसानों का डेटा पोर्टल पर नहीं दिख रहा है, वे अपनी जानकारी दर्ज कर एसडीएम से सत्यापन के बाद टोकन प्राप्त कर सकेंगे।

पीएम आवास योजना के तहत लॉटरी पद्धति से हुआ आवंटन

## 217 परिवारों के सपनों को मिला स्वयं का आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए शुक्रवार का दिन खुशियां और नई उम्मीदों को लेकर आया, जब प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत प्रेमनगर बस्ती में निर्मित आवासों का पारदर्शी तरीके से आवंटन किया गया। नगर पालिक निगम कटनी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 217 पात्र हितग्राहियों को लॉटरी पद्धति के माध्यम से पक्के आवास का आबंटन किया गया।

यह कार्यक्रम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य एवं एमआईसी सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, पार्षद सीमा श्रीवास्तव की विशेष मौजूदगी में किया गया। इस दौरान नोडल अधिकारी अनिल जायसवाल सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आवास आवंटन प्रक्रिया के दौरान जैसे-जैसे हितग्राहियों के नामों की घोषणा हो रही थी परिसर में उत्साह, भावुकता और खुशी का माहौल देखने को मिल रहा था। हितग्राही तालिया बजाकर आपस में खुशियां साझा कर रहे थे। अपने स्वयं के घर का सपना संजोए परिवारों के चेहरों पर संतोष स्पष्ट रूप से झलक रहा था। आयोजन के दौरान निगम प्रशासन द्वारा पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए लॉटरी पद्धति अपनाई गई, जिसकी हितग्राहियों ने सराहना की।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने हितग्राहियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल एक शासकीय योजना नहीं, बल्कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के सम्मानजनक जीवन का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार का सपना होता है कि उसका अपना सुरक्षित एवं स्थायी घर हो और केंद्र एवं राज्य सरकार की मंशा नागरिकों के इसी सपने को साकार कर रही है।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम कटनी शहर के समग्र विकास के साथ-साथ आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने हितग्राहियों से अपील की कि वे अपने नए आवासों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखते हुए आदर्श आवासीय वातावरण विकसित करें। कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अपना घर मिलने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 17 मई को हाउसिंग बोर्ड में गूंजेगा स्वच्छ कटनी-स्वस्थ कटनी का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक बनाने की दिशा में नगर पालिक निगम कटनी द्वारा लगातार जनसहभागिता आधारित अभिनव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगामी रविवार 17 मई को नेहरू वार्ड स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी प्रवेश द्वार से हाउसिंग बोर्ड मैदान तक "राहगीरी डे" कटनी 2026 का छठवां आयोजन उत्साह और ऊर्जा के साथ आयोजित किया जाएगा। प्रातः 7 बजे से 8:30 बजे तक होने वाला यह आयोजन केवल मनोरंजन या फिटनेस कार्यक्रम नहीं, बल्कि "स्वच्छ कटनी-स्वस्थ कटनी" के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने वाला एक प्रेरणादायी सामाजिक अभियान बनेगा।

सुबह की ताजगी भरी फिजाओं के बीच आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम में शहरवासी स्वास्थ्य, स्वच्छता और सकारात्मक जीवनशैली के रंगों में रंगे नजर आएंगे। आयोजन स्थल पर योग, जुंबा, साइकिलिंग, स्केटिंग, रस्साकशी, पारंपरिक खेल, पेंटिंग, हॉर्स राइडिंग एवं संगीत जैसी अनेक आकर्षक गतिविधियां आयोजित की जाएगी, जिनके माध्यम से नागरिकों को स्वस्थ दिनचर्या अपनाने तथा शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा।कार्यक्रम स्थल को प्लास्टिक मुक्त एवं स्वच्छ बनाए रखने हेतु विशेष व्यवस्था की जाएगी तथा नागरिकों को सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई बनाए रखने जागरूक किया जाएगा।

राहगीरी डे का उद्देश्य केवल लोगों को फिटनेस गतिविधियों से जोड़ना नहीं है, बल्कि यह संदेश देना भी है कि स्वच्छ वातावरण, नियमित व्यायाम और सामुदायिक सहभागिता मिलकर एक बेहतर और विकसित समाज का निर्माण करते हैं। आयोजन में बच्चे, युवा, महिलाएं एवं वरिष्ठजन सभी उत्साहपूर्वक सहभागी बनकर स्वच्छता और स्वास्थ्य के इस जन अभियान को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। राहगीरी डे लोगों को यह अनुभव कराएगा कि स्वच्छ शहर और स्वस्थ जीवन शैली केवल व्यक्तिगत आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

निगम प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें तथा स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी के इस अभियान का हिस्सा बनें।

# आंधी-तूफान और बारिश से जनजीवन प्रभावित

## कई मार्गों पर पेड गिरे मार्ग हुए बाधित, आम की फसल को भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



शुक्रवार को एवं आसपास के क्षेत्रों में अचानक बदले मौसम ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। सुबह से तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बाद दोपहर करीब 1:30 बजे मौसम में बदलाव शुरू हुआ। इसके बाद लगभग तीन बजे अचानक तेज आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई, जो करीब 25 से 30 मिनट तक जारी रही। तेज हवाओं के कारण क्षेत्र में कई पेड़ धराशायी हो गए, जिससे अनेक मार्गों पर आवागमन बाधित रहा। जानकारी के अनुसार तेजगढ़ से तेंदूखेड़ा आने वाली 33 केवी विद्युत लाइन के इंसुलेटर में आंधी-तूफान के कारण खराबी आ गई, जिससे दोपहर तीन बजे से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई। विद्युत विभाग के लाइनमैनों द्वारा शाम लगभग सात बजे तक बिजली बहाल किए जाने की संभावना जताई गई। बिजली बंद रहने के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। तेज आंधी के चलते तेंदूखेड़ा-पाटन मार्ग पर नरगुँवा के पास सड़क किनारे खड़ा एक सूखा पेड़ अचानक गिर गया, जिससे लगभग आधे घंटे तक मार्ग अवरुद्ध रहा और जाम जैसे हालात बन गए। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने मिलकर पेड़ हटाने का प्रयास किया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका। वहीं झलौन, तारादेही, समनापुर, तेजगढ़ और सर्रा क्षेत्रों में भी तेज आंधी और बारिश का असर देखने को मिला। तारादेही क्षेत्र में कई स्थानों पर पेड़ गिरने से मार्ग पूरी तरह बंद हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से पेड़ों को हटाकर मार्ग बहाल कराया गया। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई। दोपहर बाद अचानक आसमान में घने बादल छा गए और तेज हवाओं ने कई घरों की टीन एवं छप्पर उड़ा दिए। हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई बड़े पेड़ जड़ से उखड़कर गिर पड़े। लगभग 20 से 25 मिनट तक हुई रिमझिम बारिश से नगर की सड़कें पानी से तरबतर हो गईं। हालांकि बारिश के चलते लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया। इधर, लगातार आंधी-तूफान के चलते क्षेत्र की आम की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं के कारण पेड़ों से कच्चे और पके आम समय से पहले ही गिर गए। किसानों का कहना है कि इस बार लगातार बदलते मौसम और कई बार आए तूफानों से आम की फसल को व्यापक क्षति पहुंची है। प्रशासन एवं पुलिस द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति पर नजर रखी जा रही है तथा मार्गों से गिरे पेड़ों को हटाकर यातायात सामान्य करने का कार्य लगातार जारी है।

### आंधी तूफान से विशालकाय वृक्ष हुए धराशाई



तेंदूखेड़ा। रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व अंतर्गत नौरादेही अभ्यारण्य की सर्रा रेंज एवं आसपास के क्षेत्रों में आए आधी-तूफान ने व्यापक प्रभाव डाला। तेज हवाओं और मौसम के अचानक बदले मिजाज के कारण क्षेत्र में कई स्थानों पर पुराने एवं विशाल वृक्ष उखड़ गए तथा अनेक पेड़ों की बड़ी-बड़ी डालियां टूटकर गिर गईं। तूफान की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सर्रा रेंज कार्यालय के पीछे स्थित विशाल सागौन का सूखा वृक्ष भी धराशायी हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस प्राकृतिक आपदा से किसी प्रकार की जनहानि अथवा वन्यजीवों को नुकसान होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। वन विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है तथा मार्गों पर गिरे वृक्षों और शाखाओं को हटाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। विभागीय अमला लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। वन अधिकारियों ने बताया कि प्राकृतिक आपदाएं पर्यावरण संतुलन को प्रभावित करती हैं, इसलिए वन संरक्षण एवं वृक्षारोपण की आवश्यकता पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया हटा थाना का औचक निरीक्षण

**नगर में यातायात व्यवस्था का लिया जायजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी शुक्रवार दोपहर प्रथम बार औचक निरीक्षण हेतु हटा पुलिस थाना पहुंचे। निरीक्षण के दौरान हटा एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी एवं नगर निरीक्षक सुधीर कुमार बेगी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने थाना का बारीकी से निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जहां पुलिस अधीक्षक ने असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी बनाए रखने, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। थाना निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक नगर हटा की यातायात व्यवस्था का जायजा लेने नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान उन्होंने मंदिर-मस्जिद चौराहा, अग्रवाल पेट्रोल पंप, मां चंडी जी नाका, गौरीशंकर मंदिर मार्ग, बजरिया मार्ग एवं बड़ा बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने वाहन से विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था को देखा तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को यातायात व्यवस्था को निरंतर सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। नगर भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक शासकीय एमएलबी स्कूल के सामने भी रुके और वहां की यातायात स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नगर में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार पेट्रोलिंग एवं निगरानी आवश्यक है, ताकि नागरिकों को जाम जैसी समस्याओं से राहत मिल सके। गौरतलब है कि बीते कुछ समय से हटा नगर में ट्रैफिक जाम की समस्या आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। इसके बाद पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सक्रियता दिखाते हुए लगातार यातायात व्यवस्था सुधारने के प्रयास किए गए। इसी का परिणाम रहा कि पुलिस अधीक्षक के भ्रमण के दौरान उनका वाहन भी उन संकरे मार्गों से आसानी से निकल गया, जहां पूर्व में दोपहिया वाहन चालकों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। निरीक्षण एवं नगर भ्रमण उपरांत पुलिस अधीक्षक जिला मुख्यालय के लिए रवाना हो गए।

## खबर संक्षेप

### 25 वर्षों बाद शनिवार को पड़ रही शनि जयंती पर्व आज

**दमोह।** ज्येष्ठ मास में आज 16 मई को शनि जयंती के साथ ज्येष्ठ अमावस्या एवं वट सावित्री व्रत के तीन-तीन शुभ संयोग बन रहे हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 25 वर्षों बाद शनिवार के दिन शनि जयंती पड़ रही है जिससे इसका विशेष महत्व बताया गया है। एक साथ तीन योग बनना भक्तों व श्रद्धालुओं के लिए शुभ फलदायक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शनि देव का जन्म ज्येष्ठ अमावस्या के दिन हुआ था। इसलिए प्रतिवर्ष जेष्ठ मास की अमावस्या को शनि जयंती मनाई जाती है इस वर्ष इसका विशेष महत्व इसलिए भी है कि यह शनिवार को मनाई जा रही है। मान्यता है कि शनि जयंती के दिन शनि देव की विधि विधान से पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। सर्वार्थ सिद्धि योग में किए गए कार्यों में सफलता प्राप्त होने की मान्यता है। इसी के परिपेक्ष में एसपीएम नगर स्थित श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में भी शनि जयंती के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### श्री शिव सांई धाम में श्री शनि जयंती महामहोत्सव का भव्य आयोजन आज

**दमोह।** शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री शिव साई धाम, वेलाताल टापू पर 16 मई 2026, शनिवार को प्रथम श्री शनि जयंती महामहोत्सव का दिव्य एवं भव्य आयोजन किया जायेगा। आयोजन के अंतर्गत प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक श्री शनि देव का पूजन एवं अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात 9 बजे से 12 बजे तक हवन एवं महाआरती का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। धार्मिक कार्यक्रमों के उपरांत दोपहर 12 बजे से सायं 6 बजे तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी भक्तजन सपरिवार एवं इष्टमित्रों सहित प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। इस आयोजन का संयोजन पंडित श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज एवं श्री शिव साई सेवाभाव परिवार, वेलाताल टापू दमोह द्वारा किया जा रहा है।

## जन्मदिन पर गौशाला में की गौसेवा



**जबेरा।** जबेरा नगर में नव युवाओ द्वारा संचालित गोशाला में मयंक सिंघई के सुपुत्र मितांश जी के जन्मदिन के पावन अवसर पर गौसेवा एवं जीवदया का विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोशाला में उपस्थित गौमाताओं को हरी पत्तियां, ताजी सब्जियां एवं फल श्रद्धापूर्वक खिलाए गए। कार्यक्रम के दौरान गोशाला में उपचाररत घायल एवं बीमार गौवंश का भी अवलोकन किया गया तथा वहां निरंतर चल रही गौसेवा एवं उपचार कार्य की सराहना की गई। उपस्थितजनों ने समिति द्वारा असहाय एवं घायल गौवंश के संरक्षण और उपचार हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। साथ ही गोशाला परिसर में चल रहे नव निर्माण कार्यों की भी सराहना की गई। वर्तमान में गौवंश को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु पानी की होदी एवं भूसा रखने के लिए घूमट (शेड) का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे जीवों को गर्मी एवं वर्षा के मौसम में अधिक सुविधा प्राप्त हो सके। इस अवसर पर बड़े बाबा के श्रीचरणों में प्रार्थना करते हुए मितांश जी के जीवन में सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति सदैव लग्न बनी रहने की मंगलकामना की गई। कार्यक्रम में सिंघई परिवार एवं गोशाला जीवदया समिति के समस्त सदस्य एवं गौसेवक उपस्थित रहे। समिति परिवार की ओर से मितांश जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु मंगलमय आशीर्वाद प्रदान किया गया।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़े होने वाले नवेन्द्र अठया का किया सम्मान



**हटा।** विगत दिनों जिला शिक्षा अधिकारी दमोह कार्यालय में भ्रष्टाचार को लेकर लोकायुक्त सागर द्वारा जो ट्रेपिंग की गई है वह शिक्षा जगत के लिए अति निंदनीय है। भ्रष्टाचार हर देश और तंत्र को खोखला करता है जिसका सीधा असर समाज और देश पर पड़ता है।इसे रोकना सिर्फ शासन का काम नहीं है जन जागरण के माध्यम से समाज सुधारकों को भी आगे आना चाहिए। विगत गुरुवार को हटा के सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेन्द्र अग्रवाल के आह्वान पर ऐसे लोकसेवक जो भ्रष्टाचार को रोकने के आगे आते हैं उनका लोक सम्मान होना चाहिए। इसी क्रम में उक्त दिनांक को छापामार कार्यवाही करवाने वाले प्रयोगशाला सहायक प्राथमिक शिक्षक नवेन्द्र कुमार अठया के गांव जाकर उनके घर चल रही भागवत कथा के दौरान ही सेवा निवृत्त शिक्षक सुरेन्द्र अग्रवाल और सेवानिवृत्त सहायक संचालक नन्हें सिंह ठाकुर ने नवेन्द्र अठया को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में सुरेन्द्र अग्रवाल तथा नन्हें सिंह ने सबको संबोधित करते हुए कहा कि समाज में फैल रहा भ्रष्टाचार आज के युग का दैत्य है जिसे हराने और लड़ने जो भी आगे आता है उसका साथ दिया जाना चाहिए।भागवत कथा का भी सार यही है कि कौरवों की अनाचारी पापी सेना के समक्ष भगवान कृष्ण ने पांडवों का साथ दिया तथा सत्य और न्याय के साथ खड़े होकर विजयश्री दिलाई। आज देश में ऐसे ही जनजागरण कर भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रत्येक नागरिक और राष्ट्र हितैषी लोकसेवक को आगे आना चाहिए। सम्मानित करने वाले के साथ प्रोफेसर अनंतराम शर्मा के समाजसेवी पुत्र गौरव शर्मा और सतना से पधारे शुक्ला जी भी साथ थे। सम्मान कार्यक्रम में भाव विह्वल होकर नवेन्द्र अठया के पिता जी ने स्वागत करने पहुंचे अतिथियों के लिए एक स्वागत गीत का गायन किया। व्यास गद्दी पर बिराजमान कथावाचक श्री गौतम जी द्वारा इस संदेश को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## वोटर लिस्ट शुद्धिकरण के लिए प्रशिक्षण सम्पन्न



**दमोह।** पंचायत चुनाव में वोटर लिस्ट की शुद्धिकरण के लिए प्राधिकृत कर्मचारियों का बृहद स्तर पर प्रशिक्षण आयोजन किया गया। पंचायत चुनाव में वोटर लिस्ट जिनकी उम्र 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हैं उनके नाम जोड़ना एवं जो विस्थापित हो चुके हैं या मृत हो चुके हैं उनके नाम काटना और जिनके नाम में विसंगतियां हैं उनके नाम है संशोधन के लिए अलग-अलग प्रारूप के आवेदन दिए गए हैं। मतदाता सूची का शुद्धिकरण कार्यक्रम 15 से 25 मई तक चलेगा जिसमें प्राधिकृत कर्मचारी पंचायत सचिव रोजगार सहायक घर-घर जाकर सर्वे करेंगे और उनके आवेदन प्राप्त करेंगे। तहसीलदार एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उमेश तिवारी ने सभी प्राधिकृत कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही मास्टर ट्रेनर कमलेश शर्मा ने प्रशिक्षण दिया। इलेक्शन सुपरवाइजर किरात सिंह और इलेक्शन ऑपरेटर प्रमोद पटेल आवश्यक सामग्री वितरित की गईं है।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर स्वास्थ्य एडवायजरी जारी

**दमोह।** उच्च रक्तचाप के प्रति आमजन में जागरूकता बढाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17 मई विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर विशेष एडवायजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के.अठया ने बताया कि उच्च रक्तचाप की पहचान केवल नियमित जांच से ही संभव है। सभी 30 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरूष प्रत्येक छः माह में निकटतम आयुष्मान आरोग्य मंदिर अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क रक्तचाप की जांच कराकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाए तथा उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर बीमारी से स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित रखें। डॉ. अठया ने बताया कि उच्च रक्तचाप ऐसी स्थिति है, जिसमें धमनियों पर रक्त का दबाव सामान्य से अधिक हो जाता है। वयस्कों का सामान्य रक्तचाप लगभग 120/80 एच.जी/एम.एल. माना जाता है। लंबे समय तक रक्तचाप बढा.रहने पर हृदय, मस्तिष्क एवं किडनी पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। प्रारंभिक स्थिति पर इसके स्पष्ट लक्षण दिखई नहीं देते, इसलिए इसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है। नमक एवं तैलीय भोजन का सीमित सेवन करें। नियमित व्यायाम एवं योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए। तनाव से बचें एवं पर्याप्त नींद लें। धूम्रपान एवं तंबाकू, शराब सेवन से दूरी बनाए। वजन नियंत्रित रखें एवं संतुलित आहार लें। चिकित्सकीय परामर्श अनुसार नियमित दवा एवं जॉच कराते रहें।

# विधिक शिविर दी गई पाक्सो अधिनियम की जानकारी



**तेंदूखेड़ा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला दमोह श्री सुभाष सोलंकी के निर्देशानुसार एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा श्रीमती स्मृति सोनी के मार्गदर्शन एवं संबोधन में नालसा की जागृति स्कीम 2025 के अंतर्गत "सुरक्षित बचपन, संरक्षित भविष्य" अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 11 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र तेंदूखेड़ा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता जानकी रैकवार, महिला सुपरवाइजर श्रीमती पूजा गोड तथा अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नालसा द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पोक्सो अधिनियम 2012 के संबंध में आमजन एवं बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करना था। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती स्मृति सोनी ने बताया कि पोक्सो अधिनियम 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन उत्पीड़न, यौन शोषण एवं बाल अश्लीलता (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) जैसे अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने हेतु बनाया गया एक महत्वपूर्ण कानून है। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के अंतर्गत मामलों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालयों का गठन किया गया है, जिससे पीड़ित बच्चों को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने आगे बताया कि कानून के अनुसार पुलिस द्वारा बच्चों अथवा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दी गई शिकायत को सरल एवं सहज भाषा में दर्ज किया जाता है, ताकि पीड़ित बच्चा एवं उसके परिजन उसे आसानी से समझ सकें। साथ ही घटना की सूचना 24 घंटे के भीतर बाल कल्याण समिति एवं विशेष न्यायालय को भेजना अनिवार्य है। यदि किसी बच्चे को चिकित्सीय सहायता, देखरेख या संरक्षण की आवश्यकता होती है, तो उसे तत्काल चिकित्सालय पहुंचाने एवं आवश्यकतानुसार बाल कल्याण समिति के माध्यम से आश्रय उपलब्ध कराने का प्रावधान भी कानून में किया गया है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 एवं पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त विधिक सहायता एवं सलाह के लिए नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क करने की सलाह भी प्रदान की गई। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## श्रीराम मंदिर तक निकाली जाएगी कलश यात्रा

**दमोह।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बकेनी में नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति द्वारा साप्ताहिक बैठक एवं जल चौपाल का आयोजन किया गया।

बैठक में आगामी गंगा दशहरा पर्व पर ग्राम के सामुदायिक कुएं से श्रीराम मंदिर बकेनी तक कलश यात्रा एवं रैली निकालने का निर्णय लिया गया। साथ ही ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के संवर्धन के प्रति जागरूक करने पर चर्चा की गई। घनश्याम पटेल ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इस दौरान सेक्टर प्रभारी एवं संस्था अध्यक्ष घनश्याम पटेल, बसंत पटेल, हाकम अहिरवार, यशवंत सिंह, चंदन कुमार खरे, संतोष अहिरवार, लोटन सिंह, अंगद सिंह सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

**मानवता और संवेदनशीलता की पेश की मिसाल...**

# शोकाकुल परिवारों के बीच पहुंचे मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पतलौनी में शुक्रवार को उस समय भावुक माहौल निर्मित हो गया, जब प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माननीय श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी गांव पहुंचे और शोकाकुल परिवारों के बीच बैठकर उनके दुख को साझा किया। मंत्री जी का यह दौरा केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जनसेवा और संवेदनशीलता की जीवंत मिसाल बन गया। मंत्री जी ग्राम के निवासी दौलत लोधी के घर पहुंचे, जहां हाल ही में उनकी मासूम बच्ची का दुखद निधन हो गया था। मंत्री जी ने परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान परिवार के लोग मंत्री जी की आत्मीयता देखकर परिवार भावुक हो उठे। इसके बाद मंत्री जी स्वर्गीय गुड्डा रैकवार के निवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें साहस प्रदान किया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा समाज और शासन परिवार के साथ खड़ा है। मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी जी बीमारी से पीड़ित जगन्नाथ सिंह लोधी माल गुजार के घर पहुंचकर उनका हालचाल भी जाना। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हुए उचित उपचार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मंत्री जी ने परिजनों से आत्मीय चर्चा कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान मंत्री जी का सहज और सरल व्यक्तित्व ग्रामीणों के दिलों को छू गया। उन्होंने गांव के लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को कार्य करने के निर्देश दिये और मंत्री जी ने देवेंद्र सिंह और राघबेद्र सिह माल गुजार के घर सभी के साथ भोजन किया और ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। गांव के बुजुर्गों, युवाओं ने मंत्री जी के इस व्यवहार की खुलकर सराहना की। ग्रामीणों का कहना था कि आज के समय में बहुत कम जनप्रतिनिधि ऐसे होते हैं जो जनता के दुख-सुख में परिवार के सदस्य की तरह शामिल होते हैं। मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी का यह मानवीय दौरा पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोगों के बीच उनकी लोकप्रियता कोच और मजबूत कर गया। इस अवसर पर अध्यक्ष संग्राम सिंह, अध्यक्ष हीरा सिंह, जिला मंत्री भारत सिंह, विनीता कुलस्ते तेजगढ थाना प्रभारी अरविन्द सिंह, मुंशी रघुनाथ सिंह ,सत्यपाल सिंह, पं राजु दुबे, राजु सिंह समिति प्रबंधक खुमान सिंह जन प्रतिनिधि ओर ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## श्रावक संस्कार शिक्षण शिविर का भव्य आयोजन



**दमोह।** श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वाधान में देव शान्तिनाथ दिगम्बर जैन भाईजी मंदिर सिविल वार्ड दमोह में श्रावक संस्कार शिक्षण शिविर का भव्य आयोजन पूज्य निर्यापक मुनि सुधासागर जी महराज के आशीर्वाद एवं मुनि श्री पदमसागर महराज झुल्लक, श्री तात्पर्यसागर जी महाराज के निर्देशन डॉ प्रदीप शास्त्री आचार्य के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जिसमें प्रातःकालीन कक्षाओं में तत्वार्थसूत्र एवं बाल संस्कार भाग 1,2 की कक्षा एवं शाम को तत्पर सूत्र के अतिरिक्त छह ढाला एवं विशेष मंगलाष्टक संस्कृत अनुवाद की कक्षा सांगानेर राजस्थान से पधारे विद्वान पं.अक्षय शास्त्री एवं पं. ऋषि शास्त्री द्वारा लगाई जा रही है तथा स्थानीय विद्वान डॉ॰ प्रदीप शास्त्री आचार्य के द्वारा विशेष कक्षा लगाई जा रही है। शिविर की कक्षाओं में बच्चों के साथ-साथ महिला एवं पुरुष में बड़ा उत्साह है। भाईजी मंदिर के अध्यक्ष पवन जैन के अनुसार शिविर प्रतिवर्ष अवश्य ही लगना चाहिए जिससे बच्चों में संस्कार एवं बौद्धिक विकास होता है. शिविर में विशेष सहयोग देने वाले सृष्टिजन- श्रीमती सीमा, डॉ पीके जैन, श्रीमती रत्ना डॉ प्रतीक जैन, अरहंत अस्पताल डॉ कविता जैन, डॉ अमित जैन, श्रीमती आभा भारती संतोष भारती, श्रीमती शशि गांगरा, रश्मि जैन, कुमुद सिंघई, रश्मि सिंघई, प्रवीण सिंघई, पवन जैन, श्रीमती चंदा जैन, नेहा संजीव शाकाहारी परिवार, माया ताराचंद्र का मंदिर कमेटी द्वारा आभार व्यक्त किया गया है. शिविर का समापन रविवार को होगा।

## पुलिस अधीक्षक के नेतत्व में पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और आगामी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के नेतृत्व में शहर के मुख्य मार्गों से फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, सीएसपी एचआर पांडेय, कोतवाली टीआई मनीष कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहा। फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्र और संवेदनशील स्थानों से होकर गुजरा.एसपी श्री कलादगी ने ट्रैफिक थाना प्रभारी व उपस्थित समस्त पुलिस बल को स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश भी दिए.पुलिस अधीक्षक ने आमजन से शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने और पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

## 8 माह से बंद वृद्धा पेंशन कलेक्टर के प्रयास से शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने वृद्ध माता की वेदना को समझा और उनकी वृद्धा पेंशन के संबंध में त्वरित कार्यवाही कराकर आज सिविल वार्ड निवासी फूलबाई के घर पहुंचकर पेंशन स्वीकृति पत्र सौंपा। फूलबाई के घर पहुंच कर पेंशन स्वीकृति पत्र के साथ ही लंबित 8 माह की पेंशन की राशि 4 हजार 800 रूपये उसके खाते में ट्रांसफर कराई । फूलबाई ने विगत सप्ताह जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को अपनी पीड़ा सुनते हुए कहा था कि उसे 8 माह से पेंशन नहीं मिल रही है। फूलबाई ने पेंशन पाते ही कलेक्टर के ऊपर अपना लाड़ दुलार पूरी तरह से उनके ऊपर उड़ेल दिया। वहां उपस्थित लोग देखते ही रह गये। कलेक्टर श्री यादव ने सिविल वार्ड 2 के निवासियों की समस्यायें भी सुनी और वार्ड पार्षद को उनकी समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री यादव ने कहा आज से जिले में एक सेवा एवं आर्शीवाद अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत आज वद्धमाता जी को घर पहुंचकर स्वीकृति पत्र सौंपा गया। उन्होंने कहा जिले में वृद्धजनों के इस तरह के 1600 से अधिक प्रकरणों का निराकरण एक सेवा एवं आर्शीवाद अभियान के तहत किया जायेगा। ज्ञात हो कि जनसुनवाई मे फूलबाई पेंशन न मिलने की गुहार लेकर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के समक्ष पहुंची थी। कलेक्टर द्वारा सबंधित अधिकारी को प्रकरण त्वरित निराकरण करने निर्देश दिए। तत्सबंध में पोर्टल पर रिकार्ड देखने पर जानकारी प्राप्त हुई कि समग्र ईकेवायसी न होने के कारण महिला की पेंशन शासन स्तर से माह अगस्त 2025 से बंद कर दी गई थी। महिला की समग्र e-kyc कराए जाने हेतु उनके पास ना तो मोबाइल फोन था ना ही आधार कार्ड के माध्यम से e-kyc कराए जाने हेतु आधार में मोबाइल नंबर लिंक नहीं था ना ही बायोमीट्रिक से आधार अपडेट हो पा रहा था। कलेक्टर श्री यादव ने तत्काल कलेक्ट्रेट परिसर में ही स्थित आधार सुविधा केंद्र से महिला के बायोमीट्रिक कराए जाकर समग्र e-kyc कराई गई और तत्काल महिला की होल्ड पेंशन को पुनः चालू कराया गया।

## अश्वगंधा एवं कलौंजी की फसल से किसान की आय में हुई बढ़ोतरी

**जबेरा**/जबेरा नगर के नजदीकी ग्राम कोरता निवासी बसंत राय के द्वारा लगभग पांच एकड़ के खेत में अश्वगंधा की फसल लगाई थी जिसमे किसान ने लगभग 7 से 8 लख रुपए की फसल निकाली तथा लगभग तीन एकड़ जमीन में₹300000 की कलौंजी की फसल निकाली। उक्त जानकारी कोरता निवासी किसान बसंत राय ने देते हुए बताया कि जबेरा के कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी नरेंद्र सिंह जी ठाकुर के द्वारा अपनी सभी टीम के साथ हमारे खेत की दोनों फसलों का निरीक्षण किया था तथा हमें पैदावार बढ़ाने के लिए उचित मार्गदर्शन दिया गया उन्हीं के मार्गदर्शन में कृषि कार्य को आगे बढ़ाया और अच्छी पैदावार हुई इसके लिए किसान ने कृषि विभाग की सारी टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद तथा बधाई दी है। ज्ञात हो कि नोहटा में आयोजित हुए नोहलेश्वर महोत्सव में प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव ने भी किसान की पीठ थप थपा कर हौसला बढ़ाया था । किसान के द्वारा बताया गया कि कलौंजी एवं अश्वगंधा दोनों की फसले लगभग 120 दिन में पक जाती हैं यदि किसान पूरी फसल का बीज बनाना चाहता है तो उसे लगभग 15 से 20 दिन पश्चात फसल की कटाई करनी चाहिए। किसान ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरे द्वारा संपूर्ण फसल का उन्नत किस्म का बीज तैयार किया गया है यदि किसी भी किसान को बीज की आवश्यकता हो तो वह किसान से संपर्क कर उचित मूल्य पर ले सकता है।



## शक्तिनगर गेट पर 11 केवी विद्युत तार टूटा, बड़ा हादसा टला

**दमोह**। शहर के आमचोपरा शक्तिनगर गेट पर शुक्रवार रात विद्युत विभाग का 11 केवी का विद्युत तार अचानक टूटकर गिर गया.वहां से निकल रहे आरक्षक दारा सिंह ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ.तार टूटने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर जबलपुर से प्रधान आरक्षक सचिन और विद्युत विभाग की टीम तत्काल रवाना हुई। विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंच रही और टूटे हुए तार को हटाया और सुरक्षा के इंतजाम किए। समय रहते बिजली सप्लाई बंद कर देने से जनहानि टल गई. विद्युत विभाग द्वारा लाइन सुधार का कार्य किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से जर्जर तारों को बदलने की मांग की है,ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## दो मासूम बच्चों की संदिग्ध मौत



**दमोह**। जिले के पथरिया थाना अंतर्गत जिला चौकी क्षेत्र में जहरीला पदार्थ के सेवन या दुर्गंध के कारण दो बच्चों की मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दामोदर लोधी की 10 वर्षीय पुत्री भावना और डोमन लोधी का 6 वर्षीय पुत्र समीर लोधी रात में सोए थे। परिजन दोनों बच्चों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया ले गए, जहां से उन्हें दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया. जिला अस्पताल में ड्यूटीरत डॉक्टर बहादुर सिंह ने चेकअप और ईसीजी के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है जिस कमरे में मासूम सोए थे उसमें सेल्फास का छिड़काव होने के कारण उसकी गंध से यह दुख हादसा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही जेरठ चौकी प्रभारी गोपाल सिंह, भानु सहित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे.पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एसपी आनंद कलादगी ने ली परेड की सलामी, बेहतर टर्नआउट वालों को किया पुरस्कृत



**दमोह**। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने रक्षित केंद्र में 15 मई शुक्रवार को साप्ताहिक जनरल परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। परेड के दौरान बेहतर टर्नआउट और यूनिफॉर्म वाले अधिकारी-कर्मचारियों को एसपी ने इनाम देकर पुरस्कृत किया। शुक्रवार की जनरल परेड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, डीएसपी और थाना प्रभारियों सहित जिले के 150 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। परेड पश्चात पुलिस अधीक्षक श्री कलादगी ने समस्त थाना/चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के निराकरण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। एसपी ने पुलिस लाइन में ही कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों की समस्याओं का समय पर समाधान जरूरी है ताकि वे बेहतर तरीके से ड्यूटी कर सकें।

## घांघरी में कच्ची शराब पर हुई कार्रवाई

**जबेरा**/जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाले नोहटा थाना क्षेत्र केग्राम घांघरी में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सहयोग से महुआ शराब जप्त करवाई। जानकारी के अनुसार संगठन के कार्यकर्ताओं ने गांव निवासी अमलु सिंह के पास से 12 पाउच, लगभग पांच बोतल कच्ची शराब बरामद की।

पूछताछ के दौरान अमलु सिंह ने बताया कि वह यह कच्ची शराब ग्राम पटी निवासी खोवाराम के यहां से लाकर घांघरी गांव में बिक्री करता था। साथ ही उसने यह भी बताया कि ग्राम पटी में बड़े स्तर पर कच्ची शराब का निर्माण किया जाता है, जहां से आसपास के कई गांवों में इसकी सप्लाई की जाती है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शराब जप्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में बढ़ रहे अवैध शराब कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में कूनो से जुलाई तक चीते लाने की तैयारी उससे पहले यहां आएंगे एक हजार चीतल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में जुलाई तक चीतों को शिफ्ट किया जा सकता है। इससे पहले यहां चीतलों को लाने का सिलसिला जारी है। अबकी बार एक हजार और चीतलों को लाए जाने की अनुमति मिली है यह चीतल पेंच और कान्हा से लाए जाने है रिजर्व में अप्रैल तक चीतों की शिफिटंग होनी थी, लेकिन बोमा (बाड़ा) बनने में विलंब के चलते अब इस तारीख को आगे बढ़ा दिया गया। संभव है कि जुलाई तक शिफ्टिंग हो जाए। चीतों के लिए पेंच से एक हजार चीतल मांगे गए थे जो शिफ्ट हो चुके है। वहीं कान्हा से भी 300 चीतलों को मांग हुई थी, जिनमें से 150 चीतल आ चुके हैं। 2019 से अबतक 1300 से अधिक चीतल शिफ्ट किए जा चुके है टाइगर रिजर्व से विस्थापित हुए गांव की जगह में जंगल में बदलने के लिए वन विभाग वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट के मार्गदर्शन में गांव की खाली पड़ी जगह को जंगल की तरह बदलने की तैयारी कर रही है टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह ने बताया कि विस्थापन के बाद गांव की जगह में



जंगल की तरह घास उगने में प्राकृतिक रूप से 5 से 7 साल का समय लगता है। इसलिए वैज्ञानिक तरीके से घास उगाई जा रही है। इसके लिए खेतों में घास के बिच डाले जा रहे है, साथ ही खर पतवार को नष्ट किया जा रहा है। ताकि जल्द घास के मैदान बन सके। इससे यहां शाकाहारी जानवर आएंगे और जंगल के परिसंचरण तंत्र का विस्तार होगा एक बार चीते यहां पहुंच गए तो यह दुनिया का पहला ऐसा टाइगर रिजर्व बन जाएगा, जहां बिग कैट परिवार के तीनों सदस्य बाघ, तेंदुआ और चीता एक साथ निवास करेंगे। इसके आलावा यहां कई अन्य बिल्ली प्रजाति के जानवर भी है दुनिया की सबसे छोटी बिल्ली भी टाइगर रिजर्व में देखी गई है। रिजर्व में मुहली, सिंगपुर और झापन रेंज के करीब 440 हेक्टेयर क्षेत्र को चीतों के लिए चिह्नित किया गया है। इनमें मुहली रेंज को प्राथमिकता दी जा रही है क्योंकि यहां घास के बड़े मैदान और छायादार वृक्ष बड़ी मात्रा में मौजूद है।

### वनकर्मियों को दी जा रही ट्रेनिंग

चीता प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए करीब 100 वनकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है 10-10 सदस्यों के दल कूनो नेशनल पार्क भेजे जा रहे हैं, जहां विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में उन्हें चीतों के व्यवहार, निगरानी और देखभाल की ट्रेनिंग दी जा रही है। एक दल प्रशिक्षण पूरा करके वापस आ चुका है, जबकि दूसरा दल रवाना हो गया है

### एक साथ रह सकते है बाघ, चीता और तेंदुआ

डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह ने बताया कि प्रकृति ने ऐसी व्यवस्था की है कि एक ही भू-भाग में बहुत सारे वन्य प्राणी बिना लड़े रह सकते हैं। बाघ, चीता और तेंदुआ तीनों अलग तरह के शिकारी है। चीता दौड़ के शिकार करता है, वह छोटे जानवर जिनका वजन 30 से 40 किलो होता है उनका शिकार करता है। वह हिरण, चीतल के बच्चों का शिकार करता है। जबकि बाघ हमेशा भारी और बड़े जानवरों का शिकार करना पसंद करता है। वहीं तेंदुआ छोटे जानवर को मारकर तुंरत पेड़ पर चढ़कर खाने की कोशिश करता है ताकि उसका शिकार सुरक्षित रहे। तीनों का आमना-सामना होने की संभावना कम ही होती है, इसलिए यह तीनों एक साथ यहां रह सकते है

### चीतों को रखने के लिए बन रहे दो तरह के बाड़े

चीतों को जंगल में छोड़ने के पहले उन्हें बाड़ों में रखा जाएगा। इसके लिए दो तरह के बाड़े बन रहे है। क्वारेंटाइन बोमाः छोटा क्षेत्रफल वाला, जहां चीतों को शुरू में 12-15 दिन रखकर उनकी स्वास्थ्य स्थिति, बीमारियों और अनुकूलन का आकलन किया जाएगा इसके बाद सॉफ्ट रिलीज बोमा जो करीब 80-100 हेक्टेयर का बड़ा बाड़ा होगा, जहां क्वारेंटाइन के बाद चीतों को छोड़ा जाएगा ताकि वे धीरे-धीरे जंगली परिवेश में अनुकूलित हो सकें। वन विभाग के अनुसार, बाड़ों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही पूरा हो जाएगा।

### इनका कहना है

बारिश के मौसम में जुलाई तक चीतों की शिफ्टिंग हो जाएगी। इसके अलावा, रिजर्व की जैव-विविधता को मजबूत करने के लिए 1000 चितल लाए जा रहे हैं। शिफ्टिंग की अनुमति मिल चुकी है यह प्रोजेक्ट न केवल चीतों को नया घर देगा बल्कि पूरे क्षेत्र की पारिस्थितिकी को संतुलित और समृद्ध बनाने में भी मदद करेगा।

**रजनीश सिंह,**
**डिप्टी डायरेक्टर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व**

## मौसम का बदला मिजाजः आंधी तूफान के साथ हुई बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

शुक्रवार को तेज धूप व गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को शाम को हुई बारिश ने राहत प्रदान की।हालांकि यह राहत ज्यादा देर की नहीं थी। बारिश के बाद मौसम में ठंडक आ गई जिससे क्षेत्र में गर्मी के चलते लोगों का कुछ राहत का महसूस की गई 30 मिनट तक हुई बारिश का आनंद उठाने के लिए लोग घरों से बाहर निकले। शुक्रवार की सांझ टहलते ही आसमान में छाए,बादलों के चलते तेज बारिश से लोगो कोगर्मी से राहत मिल गई। करीब 4.30 बजे बादल छाने के साथ दिन में अंधेरा सा छा गया, जिसके बाद हुई बारिश ने लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। लोग घरों से बाहर निकलकर बारिश का आनंद उठाने लगे। हालांकि यह बारिश ज्यादा देर तक नहीं हुई।

वही खरीदी केंद्रों में अभी गेंहू उपार्जन में पानी से गेहूं को बचाते हुए किसान पनीर तिरपाल का सहारा लिया जिससे वारिस से गेंहू उपार्जन केंद्रों में अधिक नुकसान नही हो पाया वारिश होने से लोगो को धूल भरी आंधी से राहत मिल गई है। पहली बरसात में आंधी तूफान कहर तो देखने मिला साथ ही धरातल पर ग्राम पंचायत की नालियों की सफाई व्यवस्था खराब दिखी जगह-जगह ग्राम में पानी सीसी सड़कों पर भरा दिखा खुद बार्ड के लोग नालियों कि साफ सफाई पानी बरसत में करते दिखे । इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्राम में साफ सफाई व्यवस्था बिल्कुल ही ठीक नहीं है।

### खरीदी केंद्रों पर गेहूं भीगने का खतरा

शुक्रवार को जबेरा सहित आसपास के क्षेत्रों में मौसम ने अचानक करवट ली। दिनभर की चिलचिलाती धूप के बाद शाम करीब 4 बजे आसमान में घने बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। इस बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों और प्रशासन की चिंता भी बढ़ गई।

अचानक हुई बारिश ने गेहूं खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। जलहरी, घाना मैली और सिमरी जालम क्षेत्र के खरीदी केंद्र—तुलसी वेयरहाउस और कृष्णा वेयर हाउस—में उठाव कार्य धीमा होने के कारण हजारों बोरी गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ी रही। बारिश शुरू होते ही तिरपाल से बचाव के प्रयास किए गए, लेकिन अगर बारिश तेज होती, तो भारी नुकसान तय माना जा रहा था।

### ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में खड़े किसान परेशान

खरीदी केंद्रों के बाहर बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में खड़े हैं और अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। अचानक आई बारिश से उनका अनाज भी भीगने की कगार पर पहुंच गया। किसान जल्दबाजी में तिरपाल और अन्य साधनों से अपनी फसल को बचाने में जुटे नजर आए। बारिश ने खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाओं की कमी उजागर कर दी है। समर्थन मूल्य पर खरीदा गया अनाज भी खुले में पड़ा है, जिससे खराब होने का खतरा बना हुआ है। यदि मौसम का यह रुख जारी रहा, तो किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर सकता है।

## कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण



**दमोह**। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव आकस्मिक रूप से जिला चिकित्सालय पहुंचे। उन्होंने विभिन्न वार्डो का जायजा लिया और भर्ती मरीजों से रूबरू चर्चा कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। कलेक्टर श्री यादव ने भर्ती मरीजों से पूंछा दवाईयां सही समय पर मिल रहीं है, मरीजों ने कहा हॉ, मिल रही है, इलाज में कोई दिक्कत नहीं है। कलेक्टर ने कूलर, पंखा आदि के बारे में भी भर्ती मरीजों से चर्चा की। कलेक्टर श्री यादव ने सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटैल को अस्पताल में व्यवस्थाओं के सुधार के लिये धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा जहां कुछ कमियां है उन्हें पूरा किया जाये। चिकित्सालय के कर्मियों की वेतन के संबंध में बताया शासन से पैसा आ चुका है, अस्पताल प्रबंधन ने राशि सैडमैप को दे दी है, आगे की कार्यवाही पूरी होते ही सभी का वेतन मिल जायेगा।